वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 279 मंगलवार 6 फरवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### मुख्यमंत्री का भरतपुर संभाग दौरा : पूरे गांव की नंगे पैर परिक्रमा की

# किसानों की पीड़ा को मैंने करीब से देखा, उनकी खुशहाली मेरी पहली प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पैतृक गांव अटारी में भव्य स्वागत

### पैतृक निवास पर माता-पिता का आशीर्वाद लिया, पारिवारिक लोक देवता, चामुण्डा माता मंदिर में किए दर्शन



**भरतपुर/जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पदभार संभालने के करीब डेढ माह बाद सोमवार को पहली बार अपने पैतृक गांव अटारी पहुंचे। क्षेत्र के निवासियों ने हजारों की संख्या में मुख्यमंत्री का दिल खोल कर स्वागत किया। छतों पर चढ़े महिला, पुरूष और बच्चों ने फूल बरसा कर उनका भव्य स्वागत किया तो भाव-विभोर हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नंगे पांव ही पूरे गांव की परिक्रमा कर ग्रामीणों का अभिवादन स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक निवास पहुंचकर माता-पिता का आशीर्वाद भी लिया। स्वागत के बाद मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार आमजन की सरकार है। मैं स्वयं किसान परिवार से आता हूं, किसान की पीड़ा को मैंने करीब से देखा है।उन्होंने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाकर खुशहाल बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। सरकार बनने के बाद इस दिशा में काम करते हुए हमने गेंहू खरीद पर समर्थन मूल्य की राशि बढ़ाने, किसान सम्मान निधि में वृद्धि जैसे किसान हितैषी फैसले किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्षों में पेपरलीक की घटनाओं से प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ। हमने इन मामलों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है और इन मामलों में दोषी एक-एक व्यक्ति को सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और सरकार प्रदेश में किसी भी प्रकार की गुण्डागर्दी और आपराधिक तत्वों को बर्दाश्त नहीं करेगी। शर्मा ने पैतृक गांव में पारिवारिक लोक देवताओं के थान, चामुण्डा माता मंदिर में दर्शन किए और गांव में स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इससे पहले शर्मा ने बछामदी स्थित बिहारी जी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक जगत सिंह, शैलेश सिंह, सुनैक्षम चौधरी, पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंशीवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## जो कहा वो किया, ईआरसीपी का वादा निभाया



मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि एकीकृत ईआरसीपी परियोजना को हर हाल में पांच साल में पूरा किया जाएगा। ईआरसीपी परियोजना के माध्यम से पूर्वी राजस्थान के लिए पेयजल व सिंचाई हेतु भरपूर पानी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए हमने उज्ज्वला योजना सहित चयनित बीपीएल परिवार की महिलाओं को 450 रूपए में एलपीजी सिलेण्डर देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री की हर गारंटी को हम पूरा करेंगे।

# रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ का प्री वैलेंटाइन डे कार्यक्रम संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ की ओर से दिनांक 4 फरवरी 2024 रविवार को एक शानदार प्री वैलेंटाइन डे कार्यक्रम गुलाबगढ़ मानसरोवर मैं आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में सभी रोटरी के मेंबर्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आकर्षक गेम हाउजी और भी बहुत सारी एक्टिविटीज का सभी ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर विनायक कनिका शर्मा, मनोज रजनी शर्मा, हार्दिक हेमा जैन, अंकित रुचि खंडेलवाल, विपुल सीमा गर्ग, मनीष मंजू कुमावत, मनीष कविता गुप्ता आदि के सहयोग से यह कार्यक्रम बहुत ही शानदार व सफल कार्यक्रम रहा। कार्यक्रम में आए हुए सभी रोटरी मेंबर्स को अनिल व अनीता जैन द्वारा प्री वैलेंटाइन डे आकर्षक उपहार दिया गया । अंत में रोटरी क्लब के सेक्रेटरी अनिल जैन एवं पी आर ओ सुनीता जैन द्वारा रोटरी के सभी मेंबर्स को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# लगातार तीन दिनों तक जैन मंदिरों में रहेगी धूम

**जयपुर. कासं।** जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का मोक्ष कल्याणक महोत्सव गुरुवार 8 फरवरी को- कल( 7 फरवरी बुधवार को) मनायेंगे दसवें तीर्थंकर भगवान शीतल नाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव - दिगम्बर जैन मंदिरों में होंगे पूजा अर्चना के विशेष आयोजन- जयपुर -5 फरवरी - बुधवार, 7 फरवरी से शुक्रवार, 9 फरवरी तक तीन दिन लगातार जैन तीर्थंकरों के कल्याणक दिवस जैन बन्धुओं द्वारा बडी धूमधाम से मनाये जाएंगे। इस मौके पर जयपुर महानगर एवं जयपुर जिलें के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये जायेंगे । राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि बुधवार,7 फरवरी को जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। गुरुवार,8 फरवरी को जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। शुक्रवार ,9 फरवरी को ग्यारहवें तीर्थंकर भगवान श्रेयांसनाथ का ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। इन सभी आयोजनों में शहर के दिगम्बर जैन मन्दिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए जाएंगे। भट्टारक जी की नसियां स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य चैत्य सागर महाराज के सानिध्य विशेष आयोजन किये जायेंगे । श्री जैन के मुताबिक दुर्गापुरा के श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन मंदिर, गलता रोड पर अतिशय क्षेत्र जग्गा की बावडी, आगरा रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, सूर्य नगर तारों की कूंट पर श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, बैनाड़ स्थित श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चन्द्रगिरी, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज,घी वालों का रास्ता स्थित दिगम्बर जैन मंदिर फागी,खोह नागोरियान स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शांतिनाथ जी की खोह सहित कई मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन होगें । भगवान आदिनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस पर सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर में गुरुवार को सायंकाल 6.00 बजे से 48 मण्डलों पर 48 कालोनियों द्वारा 2304 दीपकों द्वारा ऋद्धि मंत्रों से युक्त भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान का विशाल आयोजन होगा। श्री विद्यासागर यात्रा संघ द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। श्री जैन ने बताया कि कोटखावदा के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बडाबास,श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर चैत्यालय, छोटा बास स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में कल्याणक दिवसों पर विशेष आयोजन किए जाएंगे।

# लघु उद्योगों के लिए हस्तशिल्प उत्सव सशक्त प्लेटफॉर्मः पंकज कुमार सिंह



## जोधपुर डीआरएम ने किया हस्तशिल्प उत्सव का अवलोकन

**मनोज गंगवाल. शाबाश इंडिया**

**नावा सिटी, जोधपुर**

रेल मंडल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने हस्तशिल्प उत्सव को लघु उद्यमियों को प्रोत्साहन का सशक्त प्लेटफॉर्म बताया डीआरएम सिंह ने रविवार को उद्योग हस्तशिल्प उत्सव का अवलोकन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोधपुर शहर के रावण का चबूतरा मैदान पर आयोजित पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव का रविवार को अवलोकन के बाद डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने उत्सव की नोडल एजेंसी लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्सव संयोजक घनश्याम ओझा, मुख्य समन्वयक महावीर चौपड़ा व अन्य पदाधिकारियों से चर्चा की तथा इस तरह के उत्सवों की निरंतरता पर बल दिया। उन्होंने उत्सव के चाणक्य पंडाल में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंच कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने नोडल एजेंसी पदाधिकारियों के साथ समूचे उत्सव का अवलोकन किया तथा केंद्र व राज्य सरकार के विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों व उत्पादों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल की महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष श्रीमती दीपशिखा सिंह ने हस्तशिल्प उत्सव में महिला उद्यमियों व हस्तशिल्पियों की भागीदारी देखकर प्रसन्नता जताई और इसे महिला स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

# साल्ट डेवलपमेंट एंड वेलफेयर सोसाइटी की मीटिंग का हुआ आयोजन

## सर्व सहमति से साल्ट डेवलपमेंट एंड वेलफेयर सोसाइटी की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन



**मनोज गंगवाल. शाबाश इंडिया**

नावा सिटी । उपखंड मुख्यालय स्थित स्टेशन नाड़ा बालाजी मंदिर परिसर में सोमवार को सुबह 11-00 बजे साल्ट डेवलपमेंट एंड वेलफेयर सोसाइटी की मीटिंग का आयोजन किया गया ' प्राप्त जानकारी के अनुसार मीटिंग में सर्व सहमति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में सर्व सहमति से अध्यक्ष दिनेश जांदू को बनाया गया। संरक्षक कानाराम थाकण, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, प्रभु सिंह राठौड़, जगदीश रुहेला, राजेश गोयल, मोहित बेरीवाल, विष्णु मोदी, सचिव दीपक मोदी, सह सचिव सुशील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राम प्रसाद कुमावत, सहकोषाध्यक्ष ललित मटोलिया, मीडिया प्रभारी जगदीश छापोला, कानूनी सलाहकार एडवोकेट, आनंदीलाल कुमावत को बनाया गया व सदस्य के रूप में मदन सिंह गुढा, रामेश्वर लाल रणवा, मूलाराम रणवा, घनश्याम गुर्जर, इंदरचंद किलका, धर्मेंद्र सिंह राठौड़, अनिल कुलड़िया, सत्यनारायण कुलड़िया, नंदकिशोर मीणा, रामलाल झाझड़ा, गोपाल रूथला, गोपाल मोर, बनवारी गुर्जर, राजू जाखड़ नगेंद्र रणवा, उदय सिंह राठौड़ रामेश्वर लाल डारा, रमेश बंसल विजेंद्र सिंह राठौड़, नटवर कुमावत, अजीत सिंह खारड़िया, पप्पू राम डारा, राधेश्याम अग्रवाल, महेश अग्रवाल, जावेद खान पुत्र अयूब खांजी, नाहर सिंह राजावत आदि को नियुक्त किया गया।

# जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के निर्वाणोत्सव पर जैन समाज मनाएगा दीपोत्सव

## सांगानेर संघी जी के मंदिर में 2304 दीपक से होगी विशेष अर्चना



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के मोक्ष कल्याण दिवस को जैन समाज दीपोत्सव के रूप में व्यापक स्तर पर मनायेगा। शहर के सभी दिगम्बर जैन मन्दिरों में आठ फरवरी को अभिषेक, शांतिधारा, पूजन के साथ दीपोत्सव के रूप में मनायेगा। अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान राजस्थान के पदाधिकारियों ने भगवान आदिनाथ के निवाणोत्सव पर संघी जी के मंदिर सांगानेर में आयोजित की जाने वाली 2304 दीपक से 48 मंडलीय दीपोत्सव महाअर्चना के पोस्टर का विमोचन भट्टारक जी की नसियाँ में आचार्य चैत्य सागर के पावन सानिध्य में किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला, राजस्थान जैन सभा के महामंत्री मनीष बैद, युवा महासभा के महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, संस्थान के सुनील पहाड़िया, ज्ञान चंद बस्सी ,पंकज लुहाड़िया , महेश काला, सोभाग अजमेरा, आदि की उपस्थिति रही। प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा के अनुसार 8 फरवरी को सायंकाल आयोजित इस कार्यक्रम में भक्तामर दीप अर्चना की संगीतमय प्रस्तुति श्री विद्यासागर यात्रा संघ जयपुर द्वारा दी जाएगी। जयपुर के 48 मन्दिर / कालोनियों के श्रावक जनों की सहभागिता रहेगी ।कार्यक्रम के लिए आचार्य श्री ससंघ ने आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शान्तिकुमार ममता सौगानी, कांता देवी रश्मि कान्त सोनी व कपूर चंद कसेरा परिवार की उपस्थिति रहेगी।

# श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभजी दुर्गापुरा जयपुर भक्तामर पाठ का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभजी दुर्गापुरा जयपुर में सोमवार दिनांक 05.02.2024 को सायंकाल 7.30 बजे से णमोकार महामंत्र का जाप एवं भक्तामर स्तोत्र पाठ किया गया। श्रद्धालुओ ने प्रार्थना करते हुए भावना बहाई कि संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर महा मुनिराज जी पूर्ण स्वस्थ हो।

# महावीर इंटरनेशनल का संभागीय अधिवेशन संम्पन्न



अमित गोधा. शाबाश इंडिया

बिजयनगर। महावीर इंटरनेशनल बिजयनगर ब्यावर जोन का संभागीय अधिवेशन कृषि उपज मंडी प्रांगन में सम्पन्न हुआ। जोन चेयरपर्सन तेजमल बुरड़ ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि महावीर इंटरनेशनल के अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जैन, विशिष्ट अतिथि रणजीत सिंह कुमठ, महावीर इंटरनेशनल कोषाध्यक्ष सुधीर जैन, महेंद्र चोरडिया आदि थे। इस अवसर पर संभाग के सभी 17 केंद्र के प्रतिनिधि शामिल हुये। जोन सचिव तारेश जैन एवं कोषाध्यक्ष महावीर बिनायकिया ने बताया कि इस अवसर पर सभी केंद्र द्वारा किये गए सेवा कार्यों का प्रतिवेदन रखा गया। सभी केंद्र को सेवा कार्य के आधार पर विभिन्न आवर्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अनिल जैन ने सभी को ई चौपाल से जुड़ने और अपने विचारों को आदान प्रदान का आव्हान किया। उन्होंने अपेक्स की भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सफल संभागीय अधिवेशन करने के लिए बिजयनगर केंद्र को शुभकामनाएं दी। मंच का संचालन जोन कॉर्डिनेटर रूपेश कोठारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर संभाग के सभी केंद्र के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# भगवान महावीर के अहिंसा सिद्धांत की गहरी छाप थी गांधी जी पर: केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

## केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने किया जैन विधायकों का सम्मान



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया।** भगवान महावीर के अहिंसा की गहरी छाप महात्मा गांधी पर थी। देश में अहिंसा की ज्योति जलाने वाले महात्मा गांधी का जीवन जैन दर्शन से प्रभावित था ।उन्होंने जैन दर्शन के मूलभूत सिद्धांतों को समझकर गुलामी की जंजीरों में जकड़े देश को खून का एक कतरा गिराए बिना आजादी दिलाई उक्त आश्य के उद्गार सुभाष गंज मैदान में भगवान महावीर स्वामी के 2550वे निर्वाण वर्ष में जैन विधायकों के सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। **देशभर में मनाया जा रहा है महावीर स्वामी निर्वाण वर्ष: विजय धुर्रा** मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि 26नवम्बर को दिल्ली के लाल किले से जैन दर्शन के पचास संतों ने इस वर्ष को निर्वाण वर्ष के रूप में समाज से मनाने का आव्हान किया और पूरे देश में निर्वाण वर्ष मनाया जा रहा है उसी के अंतर्गत हम आज हमारे प्रदेश में निर्वाचन जैन विधायकों का सम्मान जन-जन के नेता केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कर कमलों से कराने जा रहे हैं समारोह में मंगल गान श्री विद्यासागर सर्वोदय पाठशाला की बहनो ने किया वहीं मंगलाष्टक का कमेटी के नितिन बज रोहित सिघई हेमंत टडैया ने किया । चित्र अनावरण कर दीप प्रज्जवन केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री ब्रजेन्द्र सिंह यादव शिवपुरी विधायक देवेन्द्र जैन सागर विधायक शैलेन्द्र जैन पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई थूवोनजी कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल सहित अन्य अतिथियों ने किया इस दौरान कमेटी द्वारा अतिथियों का पुष्प हारो से स्वागत किया गया।

# वेद ज्ञान

## समाधान प्रश्नों का...

मानव जीवन प्रश्नों से जुड़ा है। जीवन की प्रत्येक घटना जो मन को स्पंदित करती है, अनायास ही नए प्रश्नों को जन्म देती है। इसी तरह परिस्थितियां व परिवेश स्वाभाविक ही अंतसचेतना में प्रश्नों को जन्म देती हैं। प्रश्नों का क्रम न तो रुकता है और न थमता है बस नित्य-निरंतर-अविराम चलता रहता है। वस्तुतः प्रश्न कई प्रकार के होते हैं। जिज्ञासावश मन में उठने वाला भाव प्रश्न है। प्रश्न के बाद पुनः पूछने का क्रम प्रतिप्रश्न है तो कुछ लोग किसी विषय पर इतने प्रश्न पूछते हैं कि मूल विषय से ध्यान ही भटक जाए ऐसा करना-अतिप्रश्न है और अनावश्यक भी। किसी दुर्भावनावश अप्रासंगिक प्रश्न पूछना कुप्रश्न कहलाता है। प्रश्नकर्ता का भाव विकसित करने के लिए सर्वप्रथम 'ईगो' को त्याग कर विनम्रता, शिष्यता और जिज्ञासु भाव को विकसित करना आवश्यक है। ऐसा इसलिए, क्योंकि प्रत्येक प्रश्न मन के मौन को तोड़ता है। मन में अशांति, बेचैनी व तनाव को जन्म देता है। ये प्रश्न जितने अधिक, जितने गहरे व जितने व्यापक होते हैं, मन की अशांति, बेचैनी व तनाव भी उतना ही ज्यादा गहरा और व्यापक होता जाता है। इसी अशांति, बेचैनी और तनाव में अपनी ही कोख में उपजे प्रश्न या प्रश्नों के उत्तर खोजने की व्यक्ति कोशिश करता है। उसे अपने इस प्रयास में सफलता मिलती है। उत्तर मिलते भी हैं, पर नए प्रश्नों के साथ कोई न कोई प्रश्न चिपक ही जाता है। साथ ही बढ़ जाती है बेचैनी और अशांति, क्योंकि कोई भी घटना, फिर वह चाहे प्रश्न की हो या उत्तर की, मन में लहरें व हिलोरें पैदा करेंगी। मन को तनाव, बैचेनी व अशांति से ही भरेंगी। इस समस्या का समाधान तभी है जब मन की लहरें मिटें, हिलोरें हटें। फिर न कोई प्रश्न उभरेंगे और न किसी उत्तर की खोज होगी। इसके लिए मन को मौन होना होगा। केवल तभी चेतना प्रश्नों के पार जा सकेगी। तभी यह समझ में आएगा कि पूछने को कुछ नहीं है। उत्तर पाने को कुछ नहीं है। इसी को समाधि कहते हैं जहां सभी प्रश्न स्वाभाविक ही गिर जाते हैं। जहां बैचेनी, अशांति, तनाव अपने आप ही मिट जाता है।

# संपादकीय

## जीवन में सुविधाओं की घुसपैठ ने खड़ी कीं मुश्किलें

इसमें दो राय नहीं कि आधुनिक तकनीकों के फैलते दायरे के साथ सुविधाओं में तेजी से विस्तार हुआ है। बहुत सारे ऐसे काम बेहद आसान हो गए हैं, जिन्हें करने से पहले कई बार सोचना पड़ता था, काफी वक्त लगता था। मगर आम जीवन में इसकी जरूरत से ज्यादा घुसपैठ ने जिस स्तर पर लोगों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है, उसमें कई लोगों के सामने खुद को संभालने की चुनौती खड़ी हो रही है। मसलन, सोशल मीडिया के कई मंचों को अपने संपर्कों में विस्तार करने का जरिया माना जाता है। मगर इस क्रम में बहुत सारे लोग इसका जैसा इस्तेमाल करने लगे हैं, उसमें न तो इसके उपयोग को लेकर जरूरी परिपक्वता दिखाई देती है, न ही सावधानी बरती जाती है। नतीजतन, कई वैसे लोग बेहद मुश्किल में फंस जाते हैं, जो आभासी दुनिया के व्यवहारों को बिना किसी जांच-परख या संदेह के सच मान लेते हैं, अनजान लोगों पर आंख मूंद कर विश्वास कर लेते हैं। पिछले कुछ समय से कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें सोशल मीडिया के मंचों पर किसी लड़के और लड़की के बीच कथित तौर पर दोस्ती हुई और कुछ समय बाद लड़की के साथ छल और आपराधिक घटना हुई। यह आभासी दुनिया की दोस्ती का ऐसा रूप है, जिसकी जटिलता की समझ नहीं रखने वाले लोग इसके संजाल में फंस और कई बार जघन्य अपराध तक के शिकार हो जाते हैं। दिल्ली में शुक्रवार को पुलिस ने दो ऐसे युवकों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने सोशल मीडिया पर एक लड़की को दोस्ती का भरोसा दिया, मदनगीर इलाके में बुला कर धोखे से उसके खाने में कुछ मिला दिया, फिर बेहोश कर उससे बलात्कार किया। ऐसी घटनाएं बेहद दुखद हैं, मगर ये बताती हैं कि सोशल मीडिया पर दोस्ती का दायरा कितना और कैसा हो, लोगों पर कितना भरोसा किया जाए, कैसी सावधानियां बरती जाएं और वास्तव में संबंधों की सीमा क्या हो। साइबर जगत में पैसों और अन्य स्तर पर हो रही ठगी और धोखे की घटनाओं के आगे अब अपराध का स्वरूप भी तेजी से विकृत हो रहा है और इस बारे में सभी लोगों को अपने स्तर पर जागरूक होने के साथ-साथ ज्यादा जरूरी यह है कि अपने घरों में बच्चों को सोशल मीडिया पर दोस्ती करने के मामले में सावधानी बरतने को लेकर प्रशिक्षित किया जाए।






-राकेश जैन गोदिका

# परिदृश्य

## शहरी जीवन

बेंगलुरु का चर्च स्ट्रीट नया स्वरूप मिलने के पांच साल बाद फेंके गए कचरे, टूटे हुए फुटपाथ, क्षतिग्रस्त स्ट्रीट लाइट, खुलेआम अवैध पार्किंग और अपर्याप्त रखरखाव से जूझ रहा है। ऐसी गिरावट देखना दुखद है। यहां आप कंधे उचकाकर कह सकते हैं, ''इसमें नया क्या है?'' वाकई हम सभी स्थानीय निकायों में भ्रष्टाचार, नगरीय अधिकारियों की अक्षमता और लोगों के बीच नागरिक बोध के अभाव के बारे में जानते हैं। यह कोई नई बात नहीं है, पर अगर हमें समृद्ध भारत के साथ बेहतर भारत भी बनाना है, तो हमें इस सवाल से जूझना पड़ेगा कि आखिर ऐसा क्यों है कि हमारे सार्वजनिक स्थान बदसूरत, गंदे, खराब रखरखाव की हालत में हैं? अगर कुछ अच्छा होता है, तो उसके पास ही कुछ बुरा-सा भी नजर आ जाता है। मेरा तर्क है कि हम जो भी लक्षण देखते हैं भ्रष्टाचार, अक्षमता, दुर्व्यवहार ये सब भारतीय मानस में एक ही गहरी वजह से उपजे हैं। हम की भावना का अभाव। सार्वजनिक शौचालय गंदे हैं, सार्वजनिक इमारतें बदसूरत हैं, सड़कें जाम हैं, जंगल तबाह हो गए हैं और पर्यावरण प्रदूषित हो गया है, क्योंकि इन्हें हमारी आम संपत्ति के रूप में नहीं देखा जाता है, बल्कि उन्हें स्वतंत्र रूप से उपलब्ध संसाधनों के रूप में देखा जाता है। हर कोई दूसरों की तुलना में इनका ज्यादा दोहन कर लेना चाहता है। हम अपनी सरकारों से संकीर्ण, निजी मांगें करते हैं और लोकतंत्र हमें वही देता है, जो हम मांगते हैं। अर्थशास्त्री एलिनोर ओस्ट्रोम ने आर्थिक प्रशासन व विशेष रूप से आम जनता पर अपने विश्लेषण के लिए साल 2009 में नोबेल सम्मान जीता था। संसाधनों के बेहतर सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए एलिनोर ने जो नियम बनाए, उनमें स्थानीय संदर्भ के अनुकूल नियम बनाना, क्रमिक दंड लगाना, स्थानीय समुदायों को ही उन्हें लागू करने की अधिकार देना और विवादों को कम लागत में सुलझाने की व्यवस्था करना शामिल है। मुझे एहसास हुआ है कि जब हम ऐसे नियमों को भारत में लागू करने का प्रयास करें, तो हमें बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। हां, छोटे दायरे में ऐसा करना संभव है, पर बड़े पैमाने पर यह संभव नहीं है। उदाहरण के लिए, बेंगलुरु में कई झीलों और सार्वजनिक उद्यानों को बाड़बंदी करके संभाला गया है। हालांकि, इस दायरे को शहरव्यापी बनाना बेहद कठिन है। जैसे मैंने लेख के शुरू में जिक्र किया, चर्च स्ट्रीट के चारों ओर बाड़ नहीं लगा सकते हैं और इसे कुछ लोगों तक सीमित नहीं कर सकते हैं। इसका मतलब यह कि अनेक लोकप्रिय स्थानों पर्यटन स्थलों को खमियाजा भुगतना पड़ता है, घूमने आए बाहरी लोग इन स्थलों को खराब कर देते हैं, ऐसे लोगों को जगह की खास कोई परवाह नहीं होती है। हमारे देश में एक और समस्या है। कुछ लोग या रसूखदार लोग आमतौर पर खुद को समुदाय या समाज के सदस्य के रूप में नहीं देखते हैं। ऐसे लोग नियमों या आम मानदंडों को बनाए रखने में रुचि नहीं रखते हैं। दफ्तरों में ही अनेक कर्मचारी एक-दूसरे को सह-मालिक के रूप में नहीं, बल्कि प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखते हैं। जब तक भारत में सामाजिक पूंजी की कमी को दूर नहीं किया जाता, लोगों के अमीर होने के बावजूद सार्वजनिक सेवाओं का हाल बुरा रहेगा। जैसा कि एक सहकर्मी ने एक बार चुटकी ली थी, सामाजिकता के अभाव का नतीजा यह कि एक छोटी कार के बजाय अमीर आदमी दो बड़ी कारें अवैध रूप से खड़ी करके जगह घेर लेगा। हमारे शानदार हवाई अड्डों पर भी शौचालयों को ज्यादा सेवकों की जरूरत बनी रहेगी। हमारा सकल घरेलू उत्पाद तो बहुत ज्यादा हो जाएगा, पर सामाजिकता के अभाव में हमारे सार्वजनिक परिवहन, सार्वजनिक अस्पताल और स्कूल सही नहीं होंगे।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप गुलाबीनगर का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

## श्रीमती सुशीला विनोद बड़जात्या बनी अध्यक्ष, महावीर मुन्नादेवी पांड्या सचिव बने

**जयपुर. शाबाश इंडिया**






दिगंबर जैन सोशल ग्रुप गुलाबीनगर का शपथ ग्रहण समारोह होटल शिव पैलेस में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि अनिल जैन आईपीएस (रिटा.), राष्ट्रीय परामर्शक फेडरेशन, सुरेन्द्र पांड्या, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष फेडरेशन, विशिष्ट अतिथि अतुल बिलाला राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष फेडरेशन, सम्मानीय अतिथि राजेश बड़जात्या अध्यक्ष राजस्थान रीजन, निर्मल संघी महासचिव राजस्थान रीजन शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित थे। सुरेन्द्र पांड्या शपथ विधि अधिकारी ने वर्ष 2024-2025 के लिये श्रीमती सुशीला विनोद बड़जात्या को गुलाबीनगर ग्रुप के अध्यक्ष पद के लिये, महावीर मुन्नादेवी पांड्या को सचिव पद के लिये, निर्मल उषा सेठी को कोषाध्यक्ष पद के लिये, मुकेश पांड्या को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनय अजमेरा व देवेंद्र चित्रा जैन को उपाध्यक्ष , राजेन्द्र छारेडा को सहसचिव, अशोक छाबड़ा संगठन सचिव, श्रीमती शशी पाटनी प्रचार प्रसार सचिव, श्रीमती कांता पाटनी, श्रीमती इंद्रा जैन, श्रीमती मीना काला सांस्कृतिक सचिव, महावीर कासलीवाल को धार्मिक सचिव श्रीमती आशा सोगानी व रमेश गंगवाल, विनोद झांझरी, महावीर चांदवाड, चन्द्र प्रकाश छाबड़ा को निर्देशक गणों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। अनिल जैन ने सभी को बधाई दी तथा तीर्थंकरों की जन्मभूमियो की धार्मिक यात्रा करवाने का सुझाव दिया। सुरेन्द्र पांड्या ने वर्ष में एक विदेश व धार्मिक यात्रा करवाने का सुझाव दिया। अतुल बिलाला एवं श्री राजेश बड़जात्या ने सभी दंपती सदस्यों को 3 मार्च 2024 को कुण्डलपुर बड़े बाबा में होने वाले फेडरेशन के अधिवेशन में सम्मिलित होने के लिये आह्वान किया ' बिलाला ,बड़जात्या एवं निर्मल संघी सभी ने सुनील बज , विनोद बड़जात्या, सुशीला बड़जात्या के कार्य की भूरी भूरी प्रसंशा की ।कार्यक्रम के संयोजक श्रीमती इंद्रा जैन व सुशीला बड़जात्या थे। निवर्तमान अध्यक्ष सुनील बज एवं सचिव विनोद बड़जात्या ने ग्रुप के सदस्यों को संबोधित करते हुये कार्यकाल में दिये गये सहयोग के लिये सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया तथा अपने कार्यकाल में किसी प्रकार की गलती के लिये क्षमाभाव के लिये कहा। सुशीला बड़जात्या अध्यक्ष ने नववर्ष के सालाना कार्यक्रम के लिए एक धार्मिक यात्रा,विदेश यात्रा, मानव सेवार्थ कार्यक्रम,मनोरंजन में पिक्नर व अन्य सेवार्थ कार्यक्रम की घोषणा की। सुनील बज ने सभी पधारे हुये अतिथियों एवं दंपति सदस्यों का धन्यवाद व आभार प्रकट किया गया।



श्री मयूर-श्रीमती सोनल
को वैवाहिक वर्षगांठ (6 फरवरी) की
हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई
शुभेच्छु: महावीर - मोना, पूज़ा - गौरव, साक्षी - तिलक,
भारत एवम समस्त कासलीवाल परिवार



## सफलता है मेहनत का फल : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ , गुंसी (राज.) की पावन धरा पर विराजमान गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के ससंघ सान्निध्य में श्री जिनसहस्त्रनाम का 1008 दिवसीय मंगल पाठ का आयोजन चल रहा है। तत्पश्चात आशीर्वचन देते हुए माताजी ने कहा कि- सफल होने के लिये व्यवहार में बच्चा, काम में जवानी और अनुभव में वृद्ध होना जरूरी है। सफलता कभी किसी की बपौती नहीं होती। यह संकल्प और मेहनत का फल होती है और किसी की भी हमसफर बन सकती है। सफलता कोई स्वर्ग से टपकने वाली चीज नहीं है, बल्कि चिंतन और कर्म का सकारात्मक योग है। इन्दौर, निवाई, टोंक, नैनवां से पधारे हुए यात्रियों को तीर्थ क्षेत्र के दर्शनों का लाभ प्राप्त हुआ। पूज्य माताजी की संघस्थ आर्यिका विकक्षाश्री माताजी ससंघ का फिरोजपुर झिरखा में आचार्य ज्ञानभूषण जी महाराज ससंघ से मिलन हुआ।

## श्री पार्श्वनाथ महार्चना एवं विश्व शांति महायज्ञ अनुष्ठान के प्रमुख पात्रों का सम्मान समारोह हुआ

**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। आचार्य श्री विहर्ष सागर जी महामुनिराज ससंघ के पावन सान्निध्य में ''श्री पार्श्वनाथ महार्चना विश्वशांति महायज्ञ अनुष्ठान'' 9 से 11 फरवरी तक छत्रपति नगर स्थित, दलाल बाग, इंदौर में सुबह 6:30 से 10:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। श्री विहर्ष महार्चना समिति के प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि आज आचार्य श्री अंजलि नगर से विहार करके सुबह छत्रपति नगर जिनालय पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि अनुष्ठान के दौरान संतो के संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के उत्तम स्वास्थ्य की कामना हेतु हजारों इंद्र - इंद्राणी 112 करोड़ 83 लाख 58 हजार 5 मंत्र की आहुतियां देंगे।यह अनुष्ठान संपूर्ण इंदौर दिगंबर जैन समाज के रोग-शोक, आधि- व्याधि, विघ्न विनाश एवं महामहिम संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज के उत्तम स्वास्थ्य लाभ हेतु किया जा रहा है। जिसमें 5100 इंद्र - इंद्राणी बैठ रहे हैं। महार्चना समिति के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी एवं क्षत्रपती नगर के कार्य अध्यक्ष डॉ जैनेन्द्र जैन ने बताया कि आज रविवार को प्रमुख पात्रों-के साथ विधानाचार्य पंडीत कमल कुमार कमलानकर भोपाल उमेश जैन भिंड से पधारे कार्यक्रम के संचालक का भी सम्मान किया गया।





# श्रेष्ठ जयपुर के लिये सांगानेर से आमेर तक निकाली पैदल यात्रा

### सांगानेर को साँगा बाबा चांदपोल को हनुमान आमेर की शीला देवी लायो राजा मान

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

पिछली गहलोत सरकार में जयपुर के दो हिस्से करने के निर्णय के खिलाफ जयपुर के प्रबुद्धजनों ने मिलकर सुनील कोठारी के नेतृत्व में म्हारों जयपुर प्यारों जयपुर अभियान चलाकर जयपुर के दोनों नगर निगम की सीमा में आने वाले वार्डों को मिलाकर एक जयपुर ज़िला बनाए रखने का आंदोलन किया था। आंदोलन सफल हुआ और सरकार ने जयपुर को दो हिस्सों में बाँटने के निर्णय को वापस लेकर दोनों निगमों की सीमाओं को निर्धारित करते हुए एक जिला बनाने की घोषणा की थी। इस घोषणा से पूर्व आंदोलन के दौरान सांगानेर के सांगा बाबा मंदिर में महाआरती के दौरान अभियान के संयोजक सुनील कोठारी के साथ सभी साथियों ने यह संकल्प लिया था कि यदि सरकार द्वारा जयपुर के दो हिस्से करने के निर्णय को वापस ले लिया जाता है तो वे इस अभियान से जुड़े लोगों और जयपुर वासियों के साथ सांगनेर के सांगा बाबा मंदिर से आमेर की शीला देवी मंदिर तक पैदल यात्रा और शीला माता मंदिर में महाआरती करेंगे। तत्कालीन गहलोत सरकार के यह निर्णय वापस लेने के बाद से यह यात्रा व्यस्तताओं के चलते अधूरी थी जिसे इस अभियान से जुड़े लोग और आम नागरिकों के साथ मिलकर यह यात्रा आज रविवार, दिनांक 4 फरवरी को प्रातः 6 बजे सांगा बाबा मंदिर संगानेर में महाआरती कर सुनील कोठारी के नेतृत्व में रवाना हुई जो शाम 6 बजे आमेर की शीला माता मंदिर में महा आरती के साथ संपन्न हुई। सुनील कोठारी के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा में सैंकड़ों लोगों ने सांगा बाबा मंदिर से आमेर की शीला माता मंदिर तक हिस्सा लिया। 28 किलोमीटर की इस यात्रा में जगह- जगह नागरिकों, व्यापारियों, विभिन्न संस्थाओं से जुड़े लोगों ने, भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों और भाजपा नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। तारों की कूट पर नरेंद्र जैन बाकलीवाल एवं अरुण मित्तल ने अपने साथियों के साथ भव्य स्वागत किया कदुगार्पुरा जैन मंदिर पर भी समाज के लोगों ने भारी उत्साह से स्वागत किया वह अल्पाहार कराया रास्ते में कार्यकर्ताओं द्वारा केले नारंगी का वितरण भी किया गया। पदयात्रा का कमल एंड कंपनी टोंक रोड और टी वी जी रेस्टोरेंट आमेर रोड सहित अन्य स्थानों पर व्यापार प्रकोष्ठ के द्वारा सुनील कोठारी का जयपुर शहर व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक प्रेम कुमार जैन क्षेत्रपाल एवं सहसंयोजक अमर गुप्ता, आदर्श नगर विधानसभा संयोजक प्रमोद जैन भँवर , रमेश रामखियानी , घनश्याम सैनी , रिंकू सोनी एवं भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता व प्रमुख समाजसेविका मनीषा जैन प्रमोद द्वारा स्वागत और अभिनंदन किया गया। यात्रा के दौरान एसएमएस स्टेडियम स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। स्टैच्यू सर्किल पर यात्रा में शामिल सभी लोगों ने जयपुर को श्रेष्ठ जयपुर बनाने का संकल्प लिया।







# महावीर इंटरनेशनल डडूका की मासिक बैठक संपन्न

## चिकित्सा शिविर आयोजन एवं होली मिलन समारोह आयोजन के निर्णय लिये लिये

**डडूका. शाबाश इंडिया**



महावीर इंटरनेशनल डडूका की मासिक बैठक हृदय रोग जांच शिविर, चर्म रोग जांच शिविर , नेत्र लैंस प्रत्यारोपण चयन शिविर तथा होली मिलन समारोह आयोजित करने पर निर्णय के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र की जरूरतों के मुताबिक शिविर आयोजित कर आमजन को लाभान्वित किया जाना तय किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुंदरलाल पटेल ने की, मुख्य अतिथि जसवंत रावल, विशिष्ट अतिथि अजीत कोठिया, रणजीत सिंह सोलंकी तथा अशोक रावल थे। मेजबानी मणिलाल सूत्रधार की रही। बैठक मे गवर्निंग काउंसिल सदस्य अजीत कोठिया ने 5,6, 7 फरवरी को न्यू लुक स्कूल लोधा मे आयोजित भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के दिव्यांग सहायता शिविर की जानकारी दी। चर्म रोग विशेषज्ञ डा गौरांग शाह अहमदाबाद के हर्बल चिकित्सा शिविर आयोजन पर गहन चिंतन किया गया। हृदय रोग तथा नाक,कान, गला संबंधी विशेषज्ञ डॉक्टर्स के शिविर आयोजित करने पर चर्चा हुईं। बैठक मे 16सदस्य उपस्थित रहे। होली मिलन समारोह हिम्मत सिंह सोलंकी के निवास पर मार्च के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। आगामी बैठक 4 मार्च को जनार्दन नागर के निवास पर रात्री मे 7.30पर होगी। सभी का आभार मणिलाल सूत्रधार ने व्यक्त किया। बैठक को राजेंद्र कोठिया, योगेश सोनी, पेमजी पाटीदार, विनोद रावल, हितेश जैन, जर्नादन राय नागर, सूरजमल अहारी , रणजीत सिंह सोलंकी, हिम्मत सिंह सोलंकी, जगदीश जोशी, ललिता शंकर जोशी, विजयपाल गहलोत, मणिलाल सूत्रधार, अशोक रावल तथा अजीत कोठिया ने संबोधित किया।

# शहर महिला मंडल के चुनाव संपन्न

## मंजू सिंघवी अध्यक्ष, मधु लोढ़ा बनी महामंत्री

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**



भीलवाड़ा। शहर महिला मंडल के चुनाव श्रीमती सुशीला छाजेड़ व प्रेम बाई खमेसरा के सानिध्य में संपन्न हुआ मंडल की सभी बहनों के समक्ष निर्विरोध मंजू सिंघवी को अध्यक्ष व मधु लोढा को महामंत्री बनाया गया। साथ ही पूरी कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई उसमें उपाध्यक्ष इंदिरा खमेसरा, मंत्री अरुणा पोखरणा, कोषाध्यक्ष रेखा डांगी, सह कोषाध्यक्ष तरंग बागचार, सलाहकार नीता खटवड़, कार्याध्यक्ष ललिता पीपाड़ा, प्रचार मंत्री जिमी बागचार, अर्पिता खमेसरा को, शिक्षा मंत्री पिंकी कोठारी व सुशीला खमेसरा, संगठन मंत्री जय श्री सिसोदिया व सुनीता बागचार तथा साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों में नमिता डांगी, पुष्पा खमेसरा, रीना नागोरी, रेखा पानगढ़िया, तारा छाजेड़, आजाद सुराणा, मंजू खमेसरा, रिंकू पोखरना, ज्योति कोठारी सहित अन्य सदस्यों को भी मनोनीत किया गया। मीडिया प्रभारी मनीष बम ने बताया कि अंत में सभी का महामंत्री मधु लोढ़ा के द्वारा आभार अभिव्यक्त किया गया तत्पश्चात अल्पाहार करके सभी को बधाइयां दी गई। मंत्री अरुण पोखरना ने बताया की इस बैठक में डिंपल सिंघवी, नम्रता बागचार, कोमल जैन, संगीता जैन ,रेखा पीपाड़ा, ऋषिका खमेसरा, मेघा भंसाली, मिनामारू सहित कई बहने उपस्थित थी









# जैन सौशल ग्रुप महानगर ने गोशाला में चारा वितरण किया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सौशल ग्रुप महानगर द्वारा दिनांक 4 फरवरी 2024 को प्रातः 8.30 बजे, दुगार्पुरा गौशाला में सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत चारा वितरण किया गया। कार्यक्रम के पुण्यर्जक श्रीमती गुटटन देवी चांदवाड परिवार रहे। इस अवसर पर मुकेश-रजनी चांदवाड पूरे परिवार के साथ उपस्थित रहे। संजय छाबड़ा,' अध्यक्ष एवं सुनील गंगवाल सचिव ने बताया कि इस सामाजिक कार्यक्रम में गाय को हरा चारा, गाजर, रोटी खिलाई गई। कार्यक्रम में महानगर ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष सी एस जैन, रवि प्रकाश जैन, दिपेश छाबड़ा, उपाध्यक्ष सुशील कासलीवाल, कोषाध्यक्ष हेमंत - श्वेता बड़जात्या, कार्यकारिणी सदस्य विनीत जैन, ग्रुप सदस्य कमलेश जैन, अशोक जैन आदि उपस्थित रह कर गौ सेवा को अंजाम दिया। यह कार्यक्रम महानगर ग्रुप द्वारा 1 अप्रैल 2022 से प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को लगातार किया जा रहा है।



# जैन मिलन सेंट्रल का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर सम्पन्न

## 273 मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां दी



**अशोकनगर. शाबाश इंडिया।** कैंची बीड़ी परिवार द्वारा स्मृति शेष श्री मूलचंद जी जैन ''कैंची बीड़ी'' की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में जैन मिलन सेंट्रल के सहयोग से रविवार को जी के मैरिज गार्डन गुना रोड में स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में इसमें नगर के सुप्रसिद्ध डॉ. डी.के. जैन ,डॉ. नीतेश जैन,डॉ. प्रेम विश्वास, डॉ. दीपक जैन,डॉ नीलेश जैन, डॉ. शुभम जैन द्वारा 273 मरीजों का परीक्षण कर चिकित्सीय परामर्श दिया ।सभी रोगियों को निशुल्क दवा प्रदान की गई। अध्यक्ष जितेंद्र जैन एवम मंत्री विपिन बाँझल ने बताया कि भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची बीड़ी के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में भारी संख्या में वीर बन्धुओ ने सहभागिता की। सभी सेवाएं दे रहे चिकित्सकों को माल्यार्पण एवं शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र जैन कडेसरा ने किया,नरेश जैन,आनंद गांधी,विनोद भारिल्ल, संजीव जैन, मनीष 'बंटी', आजाद अखाई विशेष रूप से उपस्थित थे।

# प्रागैतिहासिक तीर्थ नवागढ़ में होगा भव्य समवसरण महामंडल विधान

## आचार्य श्री विनम्रसागर जी का पद विहार चल रहा है नवागढ़ के लिए



**ललितपुर. शाबाश इंडिया।** प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र नवागढ़ विकासखंड महरौनी में आचार्य श्री विनम्रसागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माता जी की प्रेरणा व ब्र. जय कुमार निशान्त भैया जी के निर्देशन में 7 फरवरी से 13 फरवरी 2024 तक समवसरण महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। आचार्यश्री ससंघ का विहार नवागढ़ के लिए चल रहा है। आचार्यश्री के साथ मुनि श्री विज्ञसागर जी महाराज, मुनि श्री विनिवेश सागर जी महाराज, मुनि श्री विश्व कुंद महाराज, मुनिश्री विश्वधीर सागर महाराज, ऐलक विनमित सागर, क्षु विश्व गुण सागर जी का नवागढ़ में आयोजित समवसरण महामंडल विधान हेतु मंगल विहार नवागढ़ की ओर हो रहा है। उक्त आयोजन प्रतिष्ठा पितामह गुलाबचंद जी पुष्प जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियां नवागढ़ तीर्थक्षेत्र व नवागढ़ गुरुकुलम के पदाधिकारियों द्वारा वृहद स्तर पर की जा रही हैं।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक–ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई–मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com